रजिस्ट्री सं. डी.एल. (एन) 04/0007/2003—05

REGD. NO. D. L. (N) 04/0007/2003—05

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सत्यमेव जयते

सी.जी.-डी.एल.-सा.-30092020-222126
**CG-DL-W-30092020-222126**

प्राधिकार से प्रकाशित
**PUBLISHED BY AUTHORITY**
साप्ताहिक
**WEEKLY**

सं. 29] नई दिल्ली, सितम्बर 20—सितम्बर 26, 2020, शनिवार /भाद्र 29 —आश्विन 4, 1942
**No. 29] NEW DELHI, SEPTEMBER 20—SEPTEMBER 26, 2020, SATURDAY/BHADRA 29— ASVINA 4, 1942**

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह पृथक संकलन के रूप में रखा जा सके
**Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation**

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
**PART II—Section 3—Sub-section (i)**

भारत सरकार के मंत्रालयों (रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) और केन्द्रीय अधिकारियों ( संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों को छोड़कर) द्वारा विधि के अंतर्गत बनाए गए और जारी किए गए साधारण सांविधिक नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं )

**General Statutory Rules (Including Orders, Bye-laws etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)**

## स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

नई दिल्ली, 14 सितम्बर,2020

**सा.का.नि. 131 .**—राष्ट्रपति, संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, और केन्द्रीय कुष्ठ रोग शिक्षण और अनुंसधान संस्थान चिंगलपट्टु (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 1988 को, जहाँ तक उनका सबंध वाहन चालक (बड़े वाहन), के पद से है, उन बातों के सिवाय अधिक्रांत करते हुए जिन्हें ऐसे अधिक्रमण से पूर्व किया गया है या

करने का लोप किया गया है, केंन्द्रीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान, चिंगलपट्टु में वाहन चालक श्रेणी-II के पद पर भर्ती की पद्धति का विनियमन करने के लिए निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात् :-

**1.संक्षिप्त नाम और प्रांरभ.—** (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, केन्द्रीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण और अनुंसधान संस्थान, चिंगलपट्टु, वाहन चालक श्रेणी-II (समूह 'ग' पद) भर्ती नियम, 2020 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत होंगे।

**2. पद-संख्या, वर्गीकरण और वेतन मैट्रिक्स में स्तर.—**उक्त पदों कि संख्या, उनका वर्गीकरण और उनका वेतन मैट्रिक्स में स्तर वे होंगे जो इन नियमों से उपाबद्ध अनुसूची के स्तंभ (2) से स्तंभ (4) में विनिर्दिष्ट हैं।

**3. भर्ती कि पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं आदि.—** उक्त पद पर भर्ती कि पद्धति, आयु-सीमा, अर्हताएं और उससे संबधित अन्य बातें वे होंगी जो उक्त अनुसूची के स्तंभ (5) से स्तंभ (13) में विनिर्दिष्ट हैं।

**4. निरर्हता.—**वह व्यक्ति-

(क) जिसने ऐसे व्यक्ति से जिसका पति या जिसकी पत्नी जीवित हैं, विवाह किया है, या विवाह की संविदा की है; या

(ख) जिसने अपने पति या अपनी पत्नी के जीवित रहते हुए किसी व्यक्ति से विवाह किया है, या विवाह कि संविदा की है उक्त पद पर नियुक्ति का पात्र नही होगा:

परन्तुं यदि केन्द्रीय सरकार का यह समाधान हो जाता है कि ऐसा विवाह उस व्यक्ति और विवाह के अन्य पक्षकार को लागू स्वीय विधि के अधीन अनुज्ञेय है और ऐसा करने के लिए अन्य आधार हैं तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से छूट दे सकेगी।

**5. शिथिल करने की शक्ति.—**जहां केन्द्रीय सरकार की यह राय है कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह उसके लिए जो कारण हैं, उन्हें लेखबद्ध करके, इन नियमों के किसी उपबंध को किसी वर्ग या प्रवर्ग के व्यक्तियों की बाबत, आदेश द्वारा शिथिल कर सकेगी।

**6.व्यावृति.—** इन नियमों की कोई बात, ऐसे आरक्षणों, आयु-सीमा में छूट और अन्य रियायतों पर प्रभाव नहीं डालेगी, जिनका केन्द्रीय सरकार द्वारा इस संबध में समय-समय पर जारी किए गए आदेशों के अनुसार अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों, भूतपूर्व सैनिकों और अन्य विशेष प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिए उपबंध करना अपेक्षित है।

**अनुसूची**

| पद का नाम | पद की संख्या | वर्गीकरण | वेतन मैट्रिक्स में स्तर | चयन पद है या अचयन पद | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए आयु-सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| वाहन चालक श्रेणी-II | 02 * (2020) *कार्यभार के आधार पर परिवर्तन किया जा सकता है | साधारण केन्द्रीय सेवा, समूह 'ग', राजपत्रित अननुसचिवीय | वेतन मैट्रिक्स में स्तर-4 (25500-81100रु) | अचयन | लागू नहीं होता |

| सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अहर्ताएं | सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए विहित आयु और शैक्षिक अहर्ताएं प्रोन्नत व्यक्तियों कि दशा में लागू होंगी | परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो | भर्ती की पद्दित भर्ती सीधे होगी या प्रोन्नति द्वारा या प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा तथा विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरी जाने वाली रिक्तियों कि प्रतिशतता |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | प्रोन्नति द्वारा |

| प्रोन्नति/प्रतिनियुक्ति/आमेलन द्वारा भर्ती की दशा में वें श्रेणियों जिनसें प्रोन्नति/ प्रतिनियुक्ति/आमेलन किया जाएगा | यदि विभागीय प्रोन्नति समिति है, तो उसकी संरचना | भर्ती करने में किन परिस्थितियों में संघ लोक सेवा आयोग से परार्मश किया जाएगा |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| प्रोन्नति वेतन मैट्रिक्स के स्तर-2 (19900-63200 रु) में ऐसे स्टाफ कार ड्राइवर जिन्होनें उस श्रेणी में 9 वर्ष की नियमित सेवा की हो और सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट व्यवसाय परीक्षा उत्तीर्ण की हो ।<br>**टिप्पण:** यदि ऐसी स्थिति उत्पन्न होती है जब उच्च श्रेणी में प्रोन्नति के लिए उपलब्ध रिक्त पद के प्रति पोषक श्रेणी में कोई पात्र कर्मचारी उपलब्ध नहीं है तो, जब तक कि पात्र व्यक्ति उपलब्ध नहीं हो जाते उच्च श्रेणी में रिक्त पद को निम्न श्रेणीकृत किया जा सकता है। | **समूह 'ग' विभागीय प्रोन्नति समिति प्रोन्नति के संबध में विचार करने के लिए) जिसमें निम्नलिखित होंगे.—**<br>1.उपनिदेशक (एपिड) - अध्यक्ष;<br>2.सहायक निदेशक (एपिड) -सदस्य;<br>3.सहायक निदेशक (माइक्रो) -सदस्य;<br>4.प्रशासनिक ऑफिसर -सदस्य । | लागू नहीं होता |

[ फा. सं ए-12018/14/2019-कुष्ठ ]

बैद्यनाथ प्रसाद, अवर सचिव

## MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE

New Delhi, the 14th September, 2020

**G.S.R. 131.**—In exercise of the powers conferred by the proviso to article 309 of the Constitution and in supersession of the Central Leprosy Teaching and Research Institute, Chengalpattu (Group 'C' posts) Recruitment Rules, 1988 in so far as it relates to the post of Driver (Heavy Vehicle), except as respects things done or omitted to be done before such supersession, the President hereby makes the following rules regulating the method of recruitment to the post of Driver Grade-II, Central Leprosy Training and Research Institute, Chengalpattu, namely:-

**1. Short title and commencement.—** (1) These rules may be called the Ministry of Health and Family Welfare, Central Leprosy Training and Research Institute, Chengalpattu, Driver Grade-II (Group 'C' Post) Recruitment Rules, 2020.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

**2. Number of post, classification, level in pay matrix.—** The number of the said post, its classification and level in the pay matrix attached thereto, shall be as specified in columns (2) to (4) of the Schedule annexed to these rules.

**3. Method of recruitment, age-limit, qualifications, etc. .—**The method of recruitment, age-limit, qualifications and other matters relating to the said post shall be as specified in column (5) to (13) of the said Schedule.

**4. Disqualification.—**No person,-

(a) who has entered into or contracted a marriage with a person having a spouse living; or

(b) who, having a spouse living, has entered into or contracted a marriage with any person,

shall be eligible for appointment to the said post:

Provided that the Central Government may, if satisfied that such marriage is permissible under the personal law applicable to such person and the other party to the marriage and that there are other grounds for so doing, exempt any person from the operation of this rule.

**5. Power to relax.—**Where the Central Government is of the opinion that it is necessary or expedient so to do, it may, by order and for reasons to be recorded in writing, relax any of the provisions of these rules with respect to any class or category of persons.

**6. Saving.—**Nothing in these rules shall affect reservation, relaxation of age-limit and other concessions required to be provided for the Scheduled Castes, the Scheduled Tribes, the Other Backward Classes, the Ex-servicemen or any other special categories of persons in accordance with the orders issued by the Central Government from time to time in this regard.

**SCHEDULE**

| Name of post | Number of post | Classification | Level in pay matrix | Whether selection post or non-selection post | Age-limit for direct recruits |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| Driver Grade-II | 02 * (2020)<br>*subject to variation dependent on workload | General Central Service, Group 'C', Non-Gazetted, Non-Ministerial | Level-4 in the pay matrix (Rs.25500-81100) | Non-selection | Not applicable |

| Educational and other qualification required for direct recruits | Whether age and educational qualifications prescribed for direct recruits will apply in the case of promotees | Period of probation, if any | Method of Recruitment: whether by direct recruitment or by promotion or by deputation /absorption and percentage of the post to be filled by various methods |
|---|---|---|---|
| (7) | (8) | (9) | (10) |
| Not applicable | Not applicable | Not applicable | By promotion |

| In case of recruitment by promotion or deputation/absorption grades from which promotion or deputation/ absorption to be made | If a Department Promotion Committee exists, what is its composition? | Circumstances in which Union Public Service Commission is to be consulted in making recruitment |
|---|---|---|
| (11) | (12) | (13) |
| **Promotion;**<br>Staff Car Driver (Ordinary Grade) in level -2 in the pay matrix (Rs.19900-63200) with nine years of regular service in the grade and have passed the trade test, specified by the Government.<br>**Note:** If a situation occurs when an eligible employee in the feeder grade is not available for promotion against available vacant post in the higher grade, the vacant post in the higher grade could be downgraded till eligible person becomes available. | **Group 'C' Departmental Promotion Committee (for considering promotion) consisting of:-**<br>1. Deputy Director (Epid) - Chairman;<br>2. Assistant Director (Epid) - Member;<br>3. Assistant Director(Micro) - Member;<br>4. Administrative officer - Member. | Not applicable. |

[F. No. A-12018/14/2019-Lep]

BAIDYANATH PRASAD, Under Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. SURENDER MAHADASAM Digitally signed by SURENDER MAHADASAM Date: 2020.09.30 09:42:20 +05'30'